कृषि विज्ञान केन्द्र, माण्डू, रामगढ़ में कृषक-वैज्ञानिक समागम कार्यक्रम एवं माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा राष्ट्र को समर्पित किये जा रहे 35 फसल किस्मों एवं संबोधन का सीधा प्रसारण दिखाने का आयोजन किया गया।

कृषि विज्ञान केन्द्र, माण्डू, रामगढ़ में कृषक-वैज्ञानिक समागम कार्यक्रम एवं माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा राष्ट्र को समर्पित किये जा रहे 35 फसल किस्मों एवं संबोधन का सीधा प्रसारण दिखाने का आयोजन 28 सितम्बर मंगलवार को किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हजारीबाग के माननीय सांसद श्री जयंत सिन्हा जी ने कार्यक्रम कि शुरूआत दीप प्रज्वलीत कर किसानों को जलवायु अनुकूल खेती के उपलब्ध तकनीक को अपनाने पर जोर दिया और कहा कि इसके लिए किसानों को लगातार वैज्ञानिक मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण की बात कही। केन्द्र के प्रभारी डॉ दुष्यन्त कुमार राधव ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया। इस कार्यक्रम में सीधा प्रसारण द्वारा माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर जी ने देश को जलवायु अनुकूल तकनीक हेतु 35 उन्नत किस्मों समर्पित किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री महोदय ने जलवायु अनुकूल तकनीक विकसीत करने हेतु भारतीय बायोटेक स्ट्रेश मैनेजमेन्ट संस्थान, रायपुर को राष्ट्र को समर्पित किया। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केन्द्र में किसानों के बीच किया गया। इस कार्यक्रम के साथ किसान-वैज्ञानिक समागम का भी आयोजन किया जिसमें किसानों से जलवायु अनुकूल तकनीक के बारे में विस्तार से चर्चा हुई जिसमें किसानों को रबी मौसम में सरसों, चना, मटर, मसूर आदि फसलों की खेती को बढ़ावा देने हेतु उपलब्ध तकनीक को बताया गया। डॉ इन्द्रजीत ने सामुहिक खेती एवं यांत्रीकरण विधि को अपनाने पर जोर दिया। डॉ धर्मजीत खेरवार ने पॉलीटनल] मल्चिंग एवं टपक सिंचाई द्वारा सब्जी की खेती के बारे में विशेष जानकारी दी। मौसम वैज्ञानिक श्री आशीष बालमुचू ने ग्रामीण कृषि मौसम सेवा के अंर्तगत किसानों को मौसम पूर्वानुमान आधारित सलाह अपनाने पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में केंद्र सन्नी कुमार एवं शशिकांत चौबे ने किसानों को फसल की कटाई एवं भंडारण पर जानकारी दी। इस मौके पर माण्डू के श्री अमरेन्द्र कुमार गुप्ता, जागेश्वर जी, प्रगतिशील किसान कपिल गंझू, राजकुमार राम एवं संतोष कुमार सोनी सहित 245 से अधिक किसान उपस्थित थे।

भारत अमृत महोत्सव
किसान- वैज्ञानिक समागम
विषय: जलवायु अनुकूल कृषि तकनीक
मुख्य अतिथि:
जयंत सिन्हा
सितम्बर 2021

Shot on realme 8 Pro | 108MP